पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने चैधरी अजीत सिंह को आमंत्रित किया

लखनऊः 6 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष, श्री अजीत सिंह को आमंत्रित किया। श्री अजीत सिंह राज्यपाल के पुराने परिचित हैं और दोनों संसद में साथ काम कर चुके हैं। इस अवसर पर दोनों ने पुरानी यादें ताजा की। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष, श्री अजीत सिंह ने किसानों की समस्याओं और गत दिनों प्रदेश में ओलावृष्टि व वर्षा से हुई फसलों की हानि पर भी चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल इससे पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री मुलायम सिंह यादव, बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुश्री मायावती, जनता दल (यू) के अध्यक्ष, श्री शरद यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी तथा अन्य राजनैतिक दलों के नेताओं से शिष्टाचारिक भेंट कर चुके हैं।